Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## सितम्बर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


- हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुसंधान पहल को दी मंज़ूरी 3
- जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने पटीकरा में किया 13.27 एमएलडी क्षमता के जलघर का शिलान्यास 3
- डॉ. पवन कुमार को मिला ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार 4
- राज्यपाल ने वाल्मीकि रामायण के चार संक्षिप्त संस्करण के रूप में प्रकाशित पुस्तकों का किया विमोचन 5
- उप मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम से किया 'मेरा बिल-मेरा अधिकार' योजना का शुभारंभ 5
- हरियाणा के साइंस टीचर सत्यपाल सिंह राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित 6
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कैदियों के लिये की कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ 7
- अब रेलवे स्टेशन पर खुलेंगे जनऔषधि केंद्र, पहले चरण में 50 स्टेशनों का चयन 9
- सात ज़िलों के किसानों की फसलों का बीमा करेगी सरकार 10
- हरियाणा की प्रीति लांबा को मिला एशियन गेम्स का टिकट 11
- पशुओं की टक्कर से मौत होने पर परिवार को मिलेंगे 5 लाख रुपए 12
- एचएफईपी की अध्यक्ष बनीं अभिनेत्री मीता वशिष्ठ 12
- रोहतक की सुहाना सैनी बनीं विश्व की नंबर एक रैंकिंग की खिलाड़ी 13
- गोलकीपर श्रेया हुड्डा का एशियन गेम्स की फुटबॉल टीम में चयन 14
- पहलवान बिजेंद्र ने आँखों से ऑल्टो कार खींचकर इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में किया नाम दर्ज 15
- हरियाणा के 10-15 ज़िलों में शुरू होगी 'पीएम ई-बस सेवा' 16
- महिला सर्जन मेजर पायल छाबड़ा बनीं देश की पहली पैरा कमांडो 17
- गुरुकुल कुरुक्षेत्र के चार खिलाड़ियों का नेशनल मल्लखंभ चैंपियनशिप के लिये चयन 18
- 'पेड़ बचाओ, 2500 रुपए पेंशन पाओ' योजना 18
- हरियाणा सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिये कैशलेस सुविधा शुरू की 19
- महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट बनेगा इंटीग्रेटेड एविएशन हब 20
- उत्कृष्ट कार्य के लिये 28 अधिकारी व स्वयंसेवकों को किया सम्मानित 20
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मानेसर में फ्लिपकार्ट के आपूर्ति केंद्र की आधारशिला रखी 21
- पांजूपुर में 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ 21
- हरियाणा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हुक्का परोसने पर पूर्ण रोक 22
- हकृवि ने सरसों की एक और नई किस्म आरएच 1975 विकसित की 23
- एशियन गेम्स में परमिंद्र ने रोइंग में जीता कांस्य पदक 24
- एशियन गेम्स में मनु भाकर ने रैपिड पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक 25
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत होगा नेटवर्क, सात विवि. के साथ हुआ एमओयू 26
- अंबाला के सरबजोत ने एशियन गेम्स में जीता स्वर्ण पदक 27


**नोट :**

# हरियाणा

## हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुसंधान पहल को दी मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों ?

30 अगस्त, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत के लिये अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है।

### प्रमुख बिंदु

- हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने हरियाणा में राज्य वित्त पोषित और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर प्रस्तावित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिये कहा है। इस प्रस्ताव में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, मानविकी और समस्या-समाधान अनुसंधान में सीएम फेलोशिप शामिल है।
- विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि इसका उद्देश्य व्यापक रूप से 4 स्पेक्ट्रम को कवर करना है। कृषि, उद्योग, सामाजिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी आदि सहित विभिन्न प्रणालियों के सामने आने वाली समसामयिक समस्याओं का समाधान खोज करना सबसे पहला है।
- दूसरा नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के लिये प्रामाणिक डाटाबेस बनाना, इसके अतिरिक्त आजीविका के अधिक विकल्प बनाने हेतु विकास के क्षेत्रों का पता लगाना प्रमुख है। इसके तहत हरियाणा के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों के उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान करेंगे।
- प्रवक्ता ने बताया कि सैंतालीस परामर्शी बैठकों से विशिष्ट शोध विषयों की पहचान के प्रयास हुए हैं। विशेषज्ञों की सिफारिशों के बाद प्रत्येक परियोजना के लिये 75,000 रुपए से लेकर 1,00,000, रुपए तक की धनराशि परियोजना के आकार और दायरे के आधार पर निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रायोजक संस्थान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की पहल के माध्यम से 25 प्रतिशत योगदान की मांग कर सकेंगे।
- उन्होंने कहा कि परियोजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनुसंधान प्रस्तुत करने के प्रारूप के विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिये इच्छुक पार्टियाँ परिषद की वेबसाइट https://hshec.org/ से जानकारी ले सकती हैं।
- यह पहल देश की शैक्षिक दृष्टि के अनुरूप आत्मनिर्भरता, नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देने की हरियाणा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने पटीकरा में किया 13.27 एमएलडी क्षमता के जलघर का शिलान्यास

### चर्चा में क्यों ?

3 सितंबर, 2023 को हरियाणा के जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने राज्य के महेंद्रगढ़ ज़िला के गाँव पटीकरा में 13.27 एमएलडी क्षमता के जलघर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

नोट :




### प्रमुख बिंदु

- इस जलघर के बनने के बाद नगर परिषद के पूरे क्षेत्र में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। पटीकरा में बनने वाले जलघर पर 235.16 लाख रुपए खर्च होंगे।
- इस मौके पर जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर की सीवरेज व्यवस्था तथा 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पेयजल सुनिश्चित करने के लिये 'अमृत टू योजना' के तहत पेयजल के साथ सीवरेज सुविधा जोड़ना है।
- जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार प्रदेश में पेयजल आपूर्ति में बढ़ोतरी की जा रही है। नारनौल शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले नीरपुर में 172.49 लाख रुपए से जलघर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन दोनों जल घर का कार्य पूरा होने के बाद शेष बचे नगर परिषद के क्षेत्र में भी 70 लीटर प्रति दिन प्रति व्यक्ति पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## डॉ. पवन कुमार को मिला ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में ललित कला अकादमी के राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले में स्थित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कु.वि.) के ललित कला विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार (लाइट ऑफ होप-II) को प्रतिष्ठित ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



नोट :

### प्रमुख बिंदु

- लोक संपर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि ललित कला अकादमी ने इस बार की राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और पुरस्कारों के लिये देश भर से 2291 कलाकारों की 5714 प्रविष्टियाँ प्राप्त की थी।
- इन प्रविष्टियों में से 20 कलाकारों को पुरस्कारों के लिये चुना गया था, जिसमें फोटोग्राफी के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार को ललित कला अकादमी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) हर साल पेंटिंग, मूर्तिकला, प्रिंट मेकिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल कला, वीडियो कला और इंस्टॉलेशन सहित विभिन्न शैलियों से दृश्य कला के कार्यों को आमंत्रित करती है। इस बार प्रदर्शनी में देशभर से कुल 20 कलाकारों के कार्यों का प्रदर्शन किया गया।

## राज्यपाल ने वाल्मीकि रामायण के चार संक्षिप्त संस्करण के रूप में प्रकाशित पुस्तकों का किया विमोचन

### चर्चा में क्यों?

- 1 सितंबर, 2023 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राज्य के अंबाला ज़िले में स्थित रामायण प्रसार परिशोध प्रतिष्ठान द्वारा वाल्मीकि रामायण के चार संक्षिप्त संस्करण के रूप में प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया।

### प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया गया कि रामायण का 435 भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा और वर्तमान में 15 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है और 13 भाषाओं में अनुवाद का कार्य चल रहा है।
- प्रतिष्ठान के सचिव ने अन्य शोध कार्यों की योजना से अवगत कराते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य वाल्मीकि रामायण के आधार पर संविधानसम्मत और विकास आधारित नीति-निर्माण करना, मूल्यांकन का प्रारूप तैयार करना भी है।

## उप मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम से किया 'मेरा बिल-मेरा अधिकार' योजना का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 1 सितंबर, 2023 को भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के गुरुग्राम ज़िले के सेक्टर 15 पार्ट-टू की मार्केट से 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना का शुभारंभ किया।



नोट :

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत ही राज्य सरकारों के सहयोग से हरियाणा सहित देश के तीन राज्यों नामत: असम व गुजरात तथा तीन केंद्रशासित प्रदेशों, नामत: पुदुच्चेरी, दादर एवं नगर हवेली तथा दमन व दीव में 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना आरंभ हो गई है।
- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टैक्स अदायगी को प्रोत्साहन के लिये यह योजना चलाई गई है। इस योजना का हिस्सा बन कर राज्यवासी सरकार को टैक्स की अदायगी करेंगे तो सरकार भी उन्हें प्रोत्साहन के रूप में इनाम देगी।
- इस योजना के लिये 30 करोड़ रुपए का वार्षिक कॉर्पस फंड निर्धारित किया गया है।
- इस योजना के तहत मोबाइल ऐप या पोर्टल पर बिल अपलोड करने वाले उपभोक्ताओं का लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसके तहत मासिक ड्रॉ में 10-10 हज़ार रुपए के 800 तथा 10-10 लाख रुपए के दो पुरस्कार दिये जाएंगे।
- वहीं, तिमाही आधार पर निकाले जाने वाले ड्रा के दो विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।
- केंद्रीय राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने इस संबंध में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों द्वारा अपनी समस्त खरीद का इनवॉयस/बिल मांगने के चलन को बढ़ावा देना है।
- 'इनवॉयस प्रोत्साहन योजना' के तहत इस योजना का उद्देश्य आम जनता के व्यवहार में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि वे समस्त विक्रेताओं से 'बिल मांगने' को अपना अधिकार और हक मानना शुरू कर दें।
- इस कार्यक्रम के तहत संबंधित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में उपभोक्ताओं को जारी किये गए सभी बिल (बी2सी इनवॉयस) उपयुक्त पात्र होंगे। लकी ड्रॉ के लिये विचार किये जाने वाले इनवॉयस का न्यूनतम मूल्य 200 रुपए रखा गया है।
- इनवॉयस आईओएस और एंड्रॉयड पर उपलब्ध मोबाइल एप्लिकेशन 'मेरा बिल मेरा अधिकार' के साथ-साथ वेब पोर्टल web.merabill.gst.gov.in पर भी अपलोड किये जा सकते हैं।

## हरियाणा के साइंस टीचर सत्यपाल सिंह राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

### चर्चा में क्यों?

- 5 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में हरियाणा के रेवाड़ी ज़िले के गाँव बुड़ौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के साइंस टीचर सत्यपाल सिंह को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया।



### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में देशभर के कुल 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।
- इस शिक्षक सम्मान समारोह में सभी पुरस्कृत शिक्षकों को पुरस्कार स्वरूप 50 हज़ार रुपए नकद, प्रशस्ति-पत्र, शॉल, श्रीफल दिया गया।
- गाँव बुड़ौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के साइंस टीचर सत्यपाल सिंह हरियाणा के एकमात्र ऐसे टीचर हैं, जिन्हें इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले उन्हें वर्ष 2021 में राज्य शिक्षक का भी पुरस्कार मिल चुका है।
- रेवाड़ी के रहने वाले सत्यपाल सिंह की पहली पोस्टिंग रेवाड़ी के ही गाँव टांकड़ी के राजकीय उच्च स्कूल में बतौर विज्ञान अध्यापक वर्ष 2002 में हुई थी। उस समय स्कूल की प्रयोगशाला ज़र्जर हालत में थी। उन्होंने अपने प्रयासों से प्रयोगशाला को श्रेष्ठ प्रयोगशाला बनाया और अतिरिक्त कक्षाएँ लगाकर स्टूडेंट को विज्ञान विषय में पारंगत किया। रेवाड़ी के ही गाँव प्राणपुरा स्कूल में पोस्टिंग के दौरान भी उन्होंने वहाँ की लैब को बेहतर बनाया।
- सत्यपाल सिंह कक्षा तीसरी से लेकर 8वीं तक के स्टूडेंट के लिये किताबें भी लिख चुके हैं। कक्षा तीसरी, चौथी व पाँचवीं की झरोखा ईवीएस किताब पूरे हरियाणा में पढ़ाई जा रही है। वहीं छठी से आठवीं तक की विज्ञान मॉड्यूल की किताब लिखी, जो स्टूडेंट के साथ ही शिक्षकों के लिये भी लाभकारी रही।
- इसके अतिरिक्त वे 10 बार राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में व राष्ट्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में स्टूडेंट के साथ सहभागिता कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में 45 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय साधन एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा, यानी (NMMS) के लिये चयन हुआ है। वहीं खुद के खर्च पर 3 राज्यस्तरीय विज्ञान प्रयोगशालाएँ उनके द्वारा तैयार कराई जा चुकी हैं।
- SCERT में टीचरों व बच्चों के लिये चॉकलेट ऐप उनके द्वारा तैयार किया गया। दीक्षा ऐप तथा SCERT के लिये वीडियो मॉड्यूल तैयार किये। इसके अलावा कोविड काल में स्टूडेंट के ई-लर्निंग के लिये यू-ट्यूब चैनल व वीडियो बनाए गए।
- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस:
    - वर्ष 1962 से प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य भारत में स्कूल अध्यापकों, शोधकर्त्ताओं और प्रोफेसरों सहित अन्य शिक्षकों के योगदान का सम्मान करना है।
    - भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने छात्रों के उत्सव के अनुरोध की प्रतिक्रिया में उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था।
- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार:
    - राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अनूठे योगदान का जश्न मनाना तथा उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है।
    - ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं।
    - पुरस्कार में एक रजत पदक, एक प्रमाण-पत्र एवं 50,000 रुपए की नकद राशि शामिल है।
    - इस वर्ष पुरस्कार के दायरे में स्कूली शिक्षा तथा साक्षरता विभाग द्वारा चयनित शिक्षकों के अतिरिक्त उच्च शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास मंत्रालय द्वारा चयनित शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कैदियों के लिये की कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ

### चर्चा में क्यों ?

- 5 सितंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य के ज़िला कारागार भिवानी के नवनिर्मित विस्तार भवन का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के कैदियों के लिये अनेक प्रकार की महत्त्वपूर्ण घोषणाओं का खुलासा किया।




## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी जेलों में कैदियों के लिये टेली मेडिसिन सुविधा शुरू करने की घोषणा की।
- इसके अलावा कैदियों के लिये डाइट व्यवस्था बदलने के लिये 10 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की, इससे 10 रुपए के हिसाब से कैदियों की डाइट में इजाफा किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने राज्य की 11 जेलों के बाहर पेट्रोल पंप भी स्वीकृत किये।
- पुलिस कर्मियों की तर्ज पर जेल कर्मियों को भी हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में फ्री सुविधा प्रदान करने की घोषणा की।
- इसके अलावा जेल कर्मियों के लिये कपल केस में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत भी सुविधा देने का ऐलान किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल के कैदियों को एक करोड रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी तथा जेलकर्मियों को संकल्प लेना चाहिये कि कैदियों के प्रति अच्छा व्यवहार करेंगे तो मनुष्य निर्माण में अहम योगदान होगा।
- वर्तमान में 22 हजार अपराधियों के लिये जेलों में रखने के लिये पर्याप्त स्थल है, लेकिन सरकार 26 हजार अपराधियों के लिये पर्याप्त व्यवस्था करने पर बल दे रही है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल में स्टाफ को ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है, इसके लिये करनाल में जेल ट्रेनिंग सेंटर बनाया जा रहा है, जो दिसंबर माह में बनकर तैयार हो जाएगा।
- प्रदेश की जेलों में लघु उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं। कैदियों में भी कई प्रकार के टैलेंट और प्रतिभाएं छिपी होती हैं। जेलों में उनसे कार्य करवाकर मानदेय दिया जाता है, इसके लिये विभाग द्वारा अध्ययन किया जा रहा है कि उन्हें किस-किस तरह का पारिश्रमिक मिले।
- इसके अलावा राज्य की जेलों को हाई सिक्योरिटी की सुविधा दी जा रही है।
- प्रदेश के नौ स्थानों पर जेल निर्माण करने के अलावा विस्तार का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा नारकोटिक्स को पकड़ने के लिये जेलों में स्नेपर की भी व्यवस्था की जा रही है।
- जेल विस्तारीकरण कार्य में नई जेल परिसर में पाँच बैरक पुरुष बंदियों के लिये तथा एक बैरक महिला बंदियों के लिये बनाई गई है। एक पुरुष बैरक की क्षमता 126 तथा महिला बैरक की क्षमता 114 की है। पहले पुरानी जेल में बंदियों की क्षमता 561 थी, जो अब कुल 1335 की हो गई है।

## अब रेलवे स्टेशन पर खुलेंगे जनऔषधि केंद्र, पहले चरण में 50 स्टेशनों का चयन

### चर्चा में क्यों ?

- 10 सितंबर, 2023 को हरियाणा के अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि आमजन तक सस्ती और सुलभ दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिये अब स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोले जाएंगे। इसमें अंबाला मंडल के अंतर्गत राजपुरा रेलवे स्टेशन भी शामिल है, जो पंजाब में स्थित है।




### प्रमुख बिंदु

- जनऔषधि केंद्र के लिये स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद वाणिज्य विभाग ने रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय भेज दी है।
- अंबाला मंडल के अधीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोला जाएगा। रेलवे द्वारा जारी की गई सूची में मंडल के एकमात्र स्टेशन का नाम आया है। स्टेशन परिसर में यह सुविधा मिलेगी, ताकि यात्रियों व आमजन को सस्ती दर पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ मिल सकें।
- उल्लेखनीय है कि पहले चरण में देश के 17 राज्यों के 50 स्टेशनों का चयन किया गया है। वहीं, दूसरे चरण में अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, चंडीगढ़, सहारनपुर, पटियाला, बठिंडा व शिमला रेलवे स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोलने की योजना है।
- केंद्र सरकार की ओर से पहले भी जगह-जगह जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं, जहाँ जेनेरिक और गुणवत्तापरक दवाइयाँ सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। इसी तर्ज़ पर अब रेलवे स्टेशनों पर भी जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोलने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक-से-अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।
- वर्तमान समय में रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में उपचार की सुविधा काफी जटिल है। अचानक तबीयत खराब होने पर पहले टीटीई को जानकारी देनी पड़ती है और फिर कंट्रोल से संदेश मिलने के बाद डॉक्टर ट्रेन में पहुँचता है। कई बार यह लेटलतीफी मरीज़ों और तीमारदारों पर भारी पड़ती है। स्टेशन पर जनऔषधि केंद्र खुलने से आमजन संग रेलयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

नोट :

- इसके तहत जनऔषधि केंद्र का स्वरूप राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी) द्वारा तैयार किया जाएगा। साथ ही, जनऔषधि केंद्रों के आवंटन में पारदर्शिता के लिये प्रक्रिया ऑनलाइन यानी ई-टेंडर के ज़रिये होगी।
- संचालक को जनऔषधि केंद्र को संचालित करने से पहले रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो (पीएमबीआई) से इजाज़त लेनी होगी।
- योजना के तहत व्यक्तिगत उद्यमियों को जनऔषधि केंद्र के आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र की सुविधा पहले चरण में देश के 50 रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी। इसमें आंध्र प्रदेश के तिरुपति व सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन, असम का न्यू तिनसुखिया, लुंबडिंग व रंगिया, बिहार के दरभंगा, पटना व कटिहार, छत्तीसगढ़ के जांजगीर नैला, बागबहारा व पेंड्रा रोड, गुजरात के अंकलेश्वर व महसाना जंक्शन शामिल हैं।
- इनके अलावा, झारखंड के सिनी जंक्शन, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, कर्नाटक के एसएमवीटी बंगलूरू, बांगारपेट, मैसूर व हुबली जंक्शन, केरल के पालाकक्कड़, मध्य प्रदेश के रतलाम, मंडल महल, बीणा व नैनपुर, महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक टर्मिनल्स, मनमाड़, पिंपरी, सोलापुर, नागबहीर व मलाड़, ओडिशा के खुर्दा रोड, पंजाब के फगवाड़ा व राजपुरा, राजस्थान सवाई माधोपुर और भगत की कोठी, तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली, इरौड व डिंडीगुल और उत्तर प्रदेश का पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन शामिल हैं।

## सात ज़िलों के किसानों की फसलों का बीमा करेगी सरकार

### चर्चा में क्यों ?

11 सितंबर, 2023 को हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि राज्य में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत जिन किसानों की फसलों का बीमा इंश्योरेंस कंपनी नहीं करेंगी, उसका बीमा राज्य सरकार करेगी। इसके लिये जल्द ही सरकार दिशा-निर्देश जारी करेगी।




### प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि क्लस्टर-दो के सात ज़िलों में बीमा कंपनी ने फसलों का बीमा करने से मना कर दिया था। जबकि किसानों की ओर से प्रीमियम राशि भरी जा चुकी है, लेकिन अब बीमा कंपनी ने हाथ खड़े कर दिये हैं।

नोट :

- बीमा कंपनी को काफी घाटा हुआ है। वहीं, क्लस्टर दो के क्लेम संबंधी कई मामले न्यायालय में हैं। इस वजह से क्लस्टर दो से बीमा कंपनी ने हाथ खींच लिये थे।
- हरियाणा सरकार ने 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत तीन क्लस्टर बनाए हैं। हर क्लस्टर में अलग-अलग ज़िले शामिल हैं। क्लस्टर दो में अंबाला, करनाल, सोनीपत, हिसार, जींद, महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम शामिल हैं।
- क्लस्टर दो का काम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी को सौंपा गया था। जुलाई तक करीब दो लाख किसानों के खाते से प्रीमियम राशि काट ली गई थी। खरीफ की हर फसल का अलग-अलग प्रीमियम भरना होता है।
- इस बीच कंपनी ने फसलों का बीमा करने से मना कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर हमला बोला तो सरकार ने तत्काल किसानों का बीमा करने का फैसला किया।
- विवाद बढ़ने के बाद कृषि कल्याण विभाग ने स्टेट लेवल बैंकर कमेटी को पत्र लिखकर किसानों की प्रीमियम राशि लौटाने के आदेश जारी किये थे। इस फैसले से बैंक ने किसानों को राशि तो वापस कर दी मगर उनके फसलों की जिम्मेदारी सरकार ने नहीं ली थी। प्रीमियम की राशि किसानों को वापस नहीं होगी, इसी प्रीमियम पर राज्य सरकार बीमा करेगी।

## हरियाणा की प्रीति लांबा को मिला एशियन गेम्स का टिकट

### चर्चा में क्यों ?

11 सितंबर, 2023 को हरियाणा के चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चल रहे इंडियन ग्रां प्री-5 के दूसरे और आखिरी दिन देशभर के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न मुकाबलों में जीत दर्ज की, जिसमें राज्य की धावक प्रीति लांबा ने एशियन गेम्स के लिये क्वालीफाई किया।






### प्रमुख बिंदु

- खेल विशेषज्ञों ने बताया कि यहाँ की परफॉर्मेंस खिलाड़ियों को इस महीने चीन में होने वाली एशियन गेम्स में पदक जीतने में काफी मदद करेगी।
- विदित है कि दो दिवसीय इंडियन ग्रां प्री-5 में देशभर से 300 से अधिक टॉप रैंकिंग खिलाड़ी शामिल हुए हैं।
- ये रहे विजेता :
  - दस हज़ार मीटर वॉक रेस (महिला वर्ग): उत्तर प्रदेश की बंधना पटेल 52.53.98 मिनट के साथ पहले स्थान, हरियाणा की मोनिका 57.36.87 मिनट के साथ दूसरे तथा हरियाणा की ही पिंकी 58.56.75 मिनट के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।
  - 400 मीटर हर्डल रेस (महिला वर्ग): तमिलनाडु की आर विथ्या रामराज 55.43 सेकेंड के समय के साथ पहले, कर्नाटक की सिंचल 58.46 सेकेंड के साथ दूसरे और पंजाब की रमनदीप कौर 1.01.02 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

नोट :

- 3000 मीटर रेस (महिला वर्ग): हरियाणा की प्रीति लांबा विजेता रहीं और एशियन गेम्स के लिये क्वालीफाई किया। गुजरात की कालाबेन दूसरे स्थान पर रहीं।
- ट्रिपल जंप (महिला वर्ग): महाराष्ट्र की शरवरी पहले स्थान, पंजाब की निहारिका दूसरे स्थान तथा हरियाणा की काजल तीसरे स्थान पर रहीं।
- हैमर थ्रो (महिला वर्ग): उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी पहले, उत्तर प्रदेश की केएम रचना दूसरे तथा उत्तर प्रदेश की ही फतिमा तीसरे स्थान पर रहीं।

## पशुओं की टक्कर से मौत होने पर परिवार को मिलेंगे 5 लाख रुपए

### चर्चा में क्यों?

11 सितंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोनीपत के झिंझौली स्थित साधना केंद्र में आयोजित अल्पकालीन विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में राज्य में सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं की टक्कर से होने वाली मौत पर प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दिये जाने की घोषणा की।






### प्रमुख बिंदु

- इन बेसहारा पशुओं को सड़कों से हटाकर गोशाला व नंदीशाला में पहुँचाया जाएगा, इसके लिये अभियान चलाया जा रहा है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेत में किसान की मृत्यु होने पर सरकार की तरफ से परिवार को 5 लाख रुपए और कृषि कार्य के दौरान अंग भंग होने पर भी आर्थिक सहायता दी जाती है।
- इस वर्ष किसानों को 75 फीसदी अनुदान पर 50 हज़ार सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन दिये गए हैं। अगले वर्ष उनकी संख्या बढ़ाकर 70 हज़ार की जाएगी।
- विदित है कि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जो किसानों की एक दर्जन से अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीदता है। फसल बीमा योजना, भावांतर भरपाई योजना, मेरा पानी मेरी विरासत योजना से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है।
- प्रदेश सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों का मासिक वेतन 6 से बढ़ाकर 11 हज़ार रुपए किया है। वहीं आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को 5 लाख रुपए और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता की तर्ज पर सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त 2 लाख रुपए का लाभ दिया जाएगा।

## एचएफईपी की अध्यक्ष बनीं अभिनेत्री मीता वशिष्ठ

### चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार ने फिल्म अभिनेत्री मीता वशिष्ठ को हरियाणा फिल्म और मनोरंजन नीति (एचएफईपी) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये गवर्निंग काउंसिल का अध्यक्ष नियुक्त किया है।




### प्रमुख बिंदु

- यह पद निर्देशक व निर्माता सतीश कौशिक के निधन के बाद से खाली था। उन्हें हरियाणा सरकार ने पहले अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया था।
- मीता वशिष्ठ का पैतृक गाँव पानीपत ज़िले का जाटल गाँव है। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से साहित्य में पीजी किया हुआ है।
- मीता वशिष्ठ के पास फिल्म, टेलीविजन धारावाहिकों व थियेटर प्रस्तुतियों का 43 साल का अनुभव है।
- वह नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी), व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूआई) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में सेवाएँ दे चुकी हैं।
- इसके अलावा, वह भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) में अभिनय विभाग के प्रमुख पद पर भी रही हैं।
- हरियाणा सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक मीता वशिष्ठ के अलावा काउंसिल में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रशासनिक सचिव, गवर्निंग काउंसिल के सह-अध्यक्ष व सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक एवं सदस्य सचिव भी होंगे।
- गवर्निंग काउंसिल के अन्य सदस्यों में प्रशासनिक सचिव, पर्यटन विभाग, प्रशासनिक सचिव कला और सांस्कृतिक मामले विभाग, कुलपति, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट, रोहतक या उनके प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया सलाहकार और राज्य सरकार के द्वारा नामित सात गैर-सरकारी सदस्य शामिल हैं।
- परिषद एक सलाहकार निकाय के रूप में काम करेगी, जो नीति के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन में कार्यकारी समिति को मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

## रोहतक की सुहाना सैनी बनीं विश्व की नंबर एक रैंकिंग की खिलाड़ी

### चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को इंटरनल टेबल टेनिस फेडरेशन की ओर से जारी ताजा वर्ल्ड रैंकिंग में हरियाणा के रोहतक ज़िले की टेबल टेनिस की स्टार खिलाड़ी सुहाना सैनी ने अपने शानदार खेल के चलते यूथ स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है।




## प्रमुख बिंदु

- सुहाना सैनी ने बंगलूरु की यशस्वी घोरपडे के साथ जोड़ी बनाकर यह उपलब्धि हासिल की है।
- इससे पूर्व यह जोड़ी 22 अक्तूबर, 2022 से 7 मार्च, 2023 तक भी वर्ल्ड रैंकिंग नंबर एक रह चुकी है।
- वर्तमान में सुहाना की अंडर 17 सिंगल्स में वर्ल्ड रैंक 15 व अंडर 19 सिंगल्स में वर्ल्ड रैंक 28 है। जबकि भारत में सुहाना अंडर 19 में नंबर एक पर हैं।

# गोलकीपर श्रेया हुड्डा का एशियन गेम्स की फुटबॉल टीम में चयन

## चर्चा में क्यों ?

- 14 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के सोनीपत ज़िले की रहने वाली श्रेया हुड्डा का चयन चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक होने वाले एशियन गेम्स के लिये भारतीय महिला फुटबॉल टीम में हुआ है।



### प्रमुख बिंदु

- मूलरूप से श्रेया हुड्डा के परिवार का संबंध राज्य के रोहतक ज़िले के गाँव आसन से है।
- विदित है कि श्रेया ने 11 साल पहले अभ्यास शुरू किया था। वह वर्ष 2022 में भारतीय टीम का हिस्सा बनी थीं।
- ज्ञातव्य है कि श्रेया हुड्डा ने फुटबॉल प्रशिक्षक अनिल ढुल के सानिध्य में वर्ष 2012 से खेलना शुरू किया था।
- श्रेया ने अंडर-14 व अंडर-16 टीम में देश के लिये खेलने के अलावा तीन बार स्कूल नेशनल में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण व दो रजत पदक दिलाए।
- उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी वह टीम को स्वर्ण पदक दिला चुकी हैं। उन्होंने एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम में रहने के अलावा इसी वर्ष मार्च में अम्मान के पैट्रा स्टेडियम में जॉर्डन के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला था।
- जुलाई, 2023 में उन्हें अक्तूबर में खेले जाने वाले एएफसी ओलंपिक क्वालिफायर राउंड 2 के लिये 34 सदस्यीय भारतीय टीम में नामित किया गया। अब उनका चयन एशियन गेम्स की टीम में हुआ है।
- श्रेया का चयन इसी वर्ष खेल विभाग में जूनियर प्रशिक्षक के पद पर हुआ है। उनकी नियुक्ति सोनीपत में ही है।

## पहलवान बिजेंद्र ने आँखों से ऑल्टो कार खींचकर इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में किया नाम दर्ज

### चर्चा में क्यों?

14 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के भिवानी ज़िले के अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष स्टीलमैन पहलवान बिजेंद्र सिंह ने गाँव लोहानी स्थित शिवम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 66वाँ शक्ति-प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने आँखों से ऑल्टो कार को खींचकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया।



### प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि पहलवान बिजेंद्र सिंह पहले भी कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा चुके हैं।
- पहलवान बिजेंद्र ने बताया कि लोहे की पतली रॉड से बने हुक को आंखों के नीचे की हड्डी में अटकाकर ऑल्टो कार को 50 मीटर तक खींचा है।

नोट :

- इससे पहले भी उन्होंने 55 किलोग्राम के युवक को दाँतों से उठाकर 100 मीटर तक दौड़ लगाई है और क्रूजर गाड़ी को अपने शरीर के ऊपर से उतरवाया है।
- विदित है कि स्टीलमैन पहलवान बिजेंद्र सिंह ने 100 शक्ति-प्रदर्शन का लक्ष्य लिया है।

## हरियाणा के 10-15 ज़िलों में शुरू होगी 'पीएम ई-बस सेवा'

### चर्चा में क्यों?

- 17 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार का प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रोजेक्ट हरियाणा के 10 से 15 ज़िलों में लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है, जिसके तहत शहर के नगर निगम एरिया में इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।




### प्रमुख बिंदु

- ये इलेक्ट्रिक बसें शहर में ऑटो की तरह चलाई जाएंगी, जो चौक टू चौक होते हुए स्टॉपेज पर ठहरेंगी। इससे यात्रियों को शहर में नजदीकी गंतव्य तक पहुँचने में आसानी होगी। यात्रियों में कम किराए में सुगम सफर करने का मौका मिलेगा।
- ये इलेक्ट्रिक बसें अत्याधुनिक होंगी। रोडवेज बसों की तरह 12 मीटर लंबी होगी और एसी की सुविधा होगी। एक बस की कीमत करीब दो करोड़ रुपए है। एक बार चार्जिंग में ये बसें 200 किलोमीटर दूरी तय करेंगी। इन बसों का रखरखाव भी कंपनी करेगी। बसों पर चालक भी कंपनी का होगा।
- वर्कशाप में कंपनी के कारीगर होंगे। इन बसों को रोडवेज प्रशासन करीब 62 रुपए प्रति किलोमीटर कंपनी को चार्ज अदा करेगा। परिचालक रोडवेज का होगा।
- शुरूआत में हिसार ज़िले के डिपो को 50 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। शहर में ये बसें सुबह 6 से 9 बजे तक चलेंगी। रूटों पर हर 15 मिनट में बसों की सर्विस रहेगी।
- विदित है कि इससे पहले शहर में सिटी बसें चलती थीं, जो अब परमिट न मिलने व अन्य कारणों के कारण बंद पड़ी हैं। इन सिटी बसों में यात्रियों को 10 रुपए देने पड़ते थे। अब यात्रियों को ऑटो में जाना पड़ता है और ऑटो में 20 रुपए किराया लगता है। सिटी बसों के मुकाबले ऑटो का सफर महँगा है। यही वजह है कि अब इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

- डिपो वर्कशाप में तीन एकड़ ज़मीन चिह्नित की गई थी। इस जगह पर इलेक्ट्रिक बसों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनेगा। सभी बसों के अलग-अलग चार्जिंग प्वाइंट बनेंगे। बसों के ठीक करने की सुविधा के लिये अलग से वर्कशॉप बनेगा।
- गौरतलब है कि 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा' देश के कई राज्यों में लागू है। दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में कामयाब भी है। यात्रियों को इलेक्ट्रिक बसों से काफी सहूलियत मिली है। यह बसें करनाल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक में चलेंगी।

## महिला सर्जन मेजर पायल छाबड़ा बनीं देश की पहली पैरा कमांडो

### चर्चा में क्यों?

- 15 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के कैथल ज़िले के कलायत नगर की पायल छाबड़ा ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में डॉक्टर रहते हुए प्रशिक्षित पैरा परीक्षा पास कर कमांडो बनने का गौरव हासिल किया है।



### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि पूर्व में कोई भी महिला सर्जन यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सकी है।
- वर्तमान में मेजर पायल छाबड़ा देश के दुर्गम इलाके केंद्र शासित प्रदेश लेह लद्दाख के आर्मी अस्पताल में विशेषज्ञ सर्जन के तौर पर सेवाएँ दे रही हैं।
- उल्लेखनीय है कि पैरा कमांडो के लिये बेहद कठिन और जटिल प्रशिक्षण से गुज़रना पड़ता है। आगरा के एयरफोर्स ट्रेनिंग स्कूल में पैरा कमांडो का प्रशिक्षण होता है। इसके लिये उत्तम स्तर की शारीरिक और मानसिक फिटनेस का होना ज़रूरी है।
- ज्ञातव्य है कि मेजर पायल शल्य चिकित्सक के तौर पर विश्व में दूसरे सबसे ऊँचे खरदूंगला मोटर बाईपास पर स्थित सेना अस्पताल में भी अपनी सेवाएँ दे चुकी हैं। आर्मी अस्पताल अंबाला कैंट में 13 जनवरी, 2021 को कैप्टन के तौर पर उन्हें पहली नियुक्ति मिली थी।
- एमबीबीएस, एमएस की डिग्री हासिल करने के उपरांत करनाल स्थित राजकीय कल्पना चावला मेडिकल कालेज सर्जरी विभाग में वे सीनियर रेजिडेंट भी रहीं।

नोट :

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र के चार खिलाड़ियों का नेशनल मल्लखंभ चैंपियनशिप के लिये चयन

### चर्चा में क्यों?

- 18 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार गुरुकुल कुरुक्षेत्र के चार खिलाड़ियों का चयन नेशनल मल्लखंभ चैंपियनशिप के लिये हुआ है।



### प्रमुख बिंदु

- कोच अनिल कुमार ने बताया कि मल्लखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 14-15 सितंबर को फरीदाबाद में हरियाणा स्टेट मल्लखंभ स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया, इसमें गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड सहित कुल 14 पदक गुरुकुल के नाम किये।
- गुरुकुल के छात्र गौरव आर्य ने अलग-अलग कैटेगरी में 3 गोल्ड, हार्दिक ने एक गोल्ड और एक सिल्वर, रूषित ने एक गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी के साथ आनंद ने सिल्वर और हशरत ने ब्रांज मेडल हासिल किया। इनमें गौरव आर्य, रूषित आर्य, हार्दिक और आनंद का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिये हुआ है।

## 'पेड़ बचाओ, 2500 रुपए पेंशन पाओ' योजना

### चर्चा में क्यों?

18 सितंबर, 2023 को हरियाणा के गुरुग्राम के डीएफओ (ज़िला वन अधिकारी) राजीव तेज्यान ने बताया कि राज्य सरकार गुरुग्राम शहर के ऐसे पेड़ जो 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हैं, उनके रखरखाव और संरक्षण के लिये अब 2500 रुपये सालाना पेंशन देने जा रही है।



### प्रमुख बिंदु

- राज्य में अब केवल नौकरी के बाद और वृद्धावस्था में ही नहीं, बल्कि पुराने और विरासती पेड़ों की देखभाल और उनका संरक्षण करने के लिये भी पेंशन मिलेगी। हरियाणा सरकार ने इस पेंशन योजना को मंज़ूरी दे दी है।

- यह पेंशन स्कीम नवंबर से शुरू होगी, जो हरियाणा सरकार की 'प्राण वायु देवता योजना' का हिस्सा है तथा यह राज्य में पुराने पेड़ों को संरक्षित करने की एक पहल है।
- ज़िला वन अधिकारी ने बताया कि पेड़ों की उम्र की पहचान उनके घेरे और विभाग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों के आधार पर की गई है। इन पेड़ों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने, पोषक तत्त्व प्रदान करने और इन पेड़ों को उचित आकार में रखने के लिये पंचायतों और मंदिर ट्रस्टों जैसे व्यक्तियों और संगठनों को प्रेरित करने के लिये पेंशन का भुगतान किया जाएगा।
- इस योजना के तहत केवल स्वस्थ पेड़ ही इसके पात्र हैं। अकेले गुरुग्राम में 40 ऐसे पेड़ों की पहचान की गई है। पहचाने गए 40 योग्य पेड़ ज़िले भर में फैले हुए हैं और इनमें कदंब, इंद्रोख, बरगद, पीपल, नीम और जंड के पेड़ शामिल हैं।
- ये पेड़ गुरुग्राम में साझा विरासत का हिस्सा हैं और इन्हें संरक्षित करने की ज़रूरत है। इसके अलावा, इसके देखभाल करने वालों और प्लॉट मालिकों को यह सुनिश्चित करने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा कि पेड़ संरक्षित रहें, और वे दूसरों को ऐसे अधिक पेड़ लगाने के लिये प्रेरित करेंगे।
- विदित है कि हरियाणा में एक कानून 'हेरिटेज ट्री'भी है जो ऐसे पेड़ों को काटने पर रोक लगाता है। हेरिटेज ट्री नियम, 2021 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति या संगठन हेरिटेज पेड़ों को काटता है, गिराता है या कोई नुकसान पहुँचाता है, तो वे 500 रुपए जुर्माने या 1 साल कैद की सजा या दोनों के हकदार होंगे।

## हरियाणा सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिये कैशलेस सुविधा शुरू की

### चर्चा में क्यों?

- 19 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों व पेंशन भोगियों के लिये कैशलेस सुविधा की शुरुआत की है।



### प्रमुख बिंदु

- राज्य के सरकारी कर्मचारियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में चलने वाले ज़िला अस्पतालों में अब चार बड़ी स्वास्थ्य सेवाएँ नकद लिये बिना ही मिल सकेंगी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने इस आशय का आदेश जारी किया है।
- स्वास्थ्य विभाग ने सभी सिविल सर्जनों को जारी आदेश में कहा है कि सेवा प्रदाताओं को ज़िला अस्पतालों में पीपीपी मोड (सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और कैथ लैब) के तहत प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं के लिये प्रदेश सरकार के कर्मचारियों हेतु कैशलेस सेवाएँ प्रदान की जाएँ।

## महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट बनेगा इंटीग्रेटेड एविएशन हब

### चर्चा में क्यों?

- 21 सितंबर, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सिविल एविएशन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में बताया कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट को इंटीग्रेटेड एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।




### प्रमुख बिंदु

- बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हिसार में 3200 एकड़ में मैन्युफैक्चरिंग हब (आईएमसी) बनाया जाएगा।
- हिसार हवाई अड्डे की नई टर्मिनल बिल्डिंग वर्ष 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगी। इस टर्मिनल बिल्डिंग की कैपेसिटी 2.1 मिलियन पैसेंजर प्रति वर्ष की होगी।
- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके टेंडर को तैयार कर लिया है, जो एक दिसंबर 2023 को जारी कर दिया जाएगा। यहाँ 100 से 200 पायलट का प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
- बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी जानकारी दी कि गुरुग्राम ज़िला के पातली हाज़ीपुर में फ्लिपकार्ट कंपनी एशिया का सबसे बड़ा वेयरहाउस बनाएगी। यह वेयरहाउस 140 एकड़ में सात मंजिला होगा।

## उत्कृष्ट कार्य के लिये 28 अधिकारी व स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

### चर्चा में क्यों?

- 24 सितंबर, 2023 को हरियाणा के हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में उच्चतर शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार वितरण समारोह किया। इसमें प्रदेशभर से 28 एनएसएस कोऑर्डिनेटर, कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को स्टेट एनएसएस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

### प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही 50 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों, प्राचार्यों को एनएसएस गतिविधियों मंष विशेष योगदान के लिये प्रशस्ति पत्र दिया।
- एनईईटी सर्वे के लिये 10 मास्टर ट्रेनर को प्रशस्ति पत्र, क्रीड़ा और सोशियो इको सर्वे के लिये 12 ज़िला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

- 12 स्वयंसेवकों को स्टेट लेवल पोस्टर मेकिंग कॉम्पटीशन के लिये सम्मानित किया।
- इस दौरान एनएसएस के ज़िला समन्वयक विजय शर्मा को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से नवाज़ा गया।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मानेसर में फ्लिपकार्ट के आपूर्ति केंद्र की आधारशिला रखी

### चर्चा में क्यों?

- 22 सितंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुग्राम के मानेसर में फ्लिपकार्ट के क्षेत्रीय वितरण केंद्र की आधारशिला रखी और सोनीपत में किराना आपूर्ति केंद्र का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।




### प्रमुख बिंदु

- फ्लिपकार्ट द्वारा 285 एकड़ जमीन पर वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्ट हब स्थापित किया जा रहा है। इसमें से 140 एकड़ ज़मीन पर 1389 करोड़ रुपए के निवेश से बनाया जाने वाला यह क्षेत्रीय वितरण केंद्र एशिया का सबसे बड़ा वितरण केंद्र होगा।
- इससे 10 हज़ार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा, जबकि सोनीपत में किराना आपूर्ति केंद्र लगभग 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर पैदा करेगा।
- उल्लेखनीय है कि गुरुग्राम ज़िले में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी क्षेत्र के विकास में यह एक नया अध्याय है। ग्लोबल सिटी का कार्य एनपीआर (नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड) और सीपीआर (सेंट्रल पेरिफेरल रोड) के बीच लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाना है।

## पांजूपुर में 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 25 सितंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर ज़िले के पांजूपुर गाँव में लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले श्री गुरु तेगबहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



### प्रमुख बिंदु

- इस मेडिकल कॉलेज को लगभग 30 माह में पूरा किया जाएगा। यह मेडिकल कॉलेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, ऐसे में लोगों को इलाज के लिये चंडीगढ़ की दौड़ लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।
- मेडिकल कॉलेज के निर्माण से यमुनानगर के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ मिल पाएंगी।
- इस मेडिकल कॉलेज का फायदा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल को भी होगा। आने वाले दिनों में हरियाणा एक ऐसा राज्य बन जाएगा, जो दूसरे प्रदेशों को भी डॉक्टर देगा।

## हरियाणा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हुक्का परोसने पर पूर्ण रोक

### चर्चा में क्यों ?

- 25 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत राज्यस्तरीय साइक्लोथॉन के समापन समारोह पर राज्यभर में होटल, रेस्तरां, बार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को हुक्का परोसने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।



### प्रमुख बिंदु

- हालांकि, यह रोक ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल होने वाले परंपरागत हुक्के पर लागू नहीं होगी।
- मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन के दौरान 25 दिनों तक अथक् प्रयास करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि सभी 250 प्रतिभागी कर्मियों को डीजीपी हरियाणा से क्लास-1 प्रशस्ति प्रमाण-पत्र मिलेगा।
- इसके अतिरिक्त उन्होंने इन समर्पित पुलिसकर्मियों के लिये पाँच दिन की छुट्टी की भी घोषणा की।
- साइकिल के चलन को बढ़ावा देने और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिये मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और व्यक्तियों को आवास सुविधाएँ प्रदान करने वाला कोई भी लाइसेंस प्राप्त बिल्डर संपत्ति रजिस्ट्री के साथ संपत्ति के मालिक को एक साइकिल उपहार में देगा।
- ऐसे मामलों में, जहाँ लाभार्थी के पास पहले से ही साइकिल है, एचएसवीपी या बिल्डर साइकिल के बदले में 3 हज़ार रुपए देगा।
- विदित है कि मुख्यमंत्री ने 1 सितंबर, 2023 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई थी।

## हकृवि ने सरसों की एक और नई किस्म आरएच 1975 विकसित की

### चर्चा में क्यों ?

- 25 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) ने सरसों की एक और उन्नत किस्म आरएच 1975 विकसित की है।




### प्रमुख बिंदु

- यह किस्म सिंचित क्षेत्रों में समय पर बिजाई के लिये एक उत्तम किस्म है, जोकि मौजूदा किस्म आरएच 749 से लगभग 12 प्रतिशत अधिक पैदावार देगी।
- विदित है कि हकृवि ने आरएच 749 किस्म वर्ष 2013 में विकसित की थी। अब दस वर्ष बाद सिंचित क्षेत्रों के लिये इस किस्म से बेहतर किस्म आरएच 1975 विकसित की गई है, जोकि अधिक उत्पादन के कारण किसानों के लिये बहुत लाभदायक सिद्ध होगी।
- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि जम्मू में आयोजित 30वीं वार्षिक सरसों व राई कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (फसल) डॉ. टीआर शर्मा की अध्यक्षता में गठित पहचान कमेटी द्वारा हाल में आरएच 1975 किस्म को सिंचित परिस्थिति में समय पर बिजाई के लिये चिह्नित किया गया है।

नोट :

- कुलपति ने कहा कि 11-12 क्विंटल प्रति एकड़ औसत उत्पादन तथा 14-15 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता रखने वाली आरएच 1975 किस्म में लगभग 39.5 फीसद तेल की मात्रा है, जिसके कारण यह किस्म अन्य किस्मों की अपेक्षा किसानों के बीच अधिक लोकप्रिय होगी।
- इससे तिलहन उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को बल मिलेगा।
- आरएच 1975 किस्म हरियाणा सहित पंजाब, दिल्ली, जम्मू व उत्तरी राजस्थान के सिंचित क्षेत्रों में बीजाई के लिये चिह्नित की गई है, इसलिये इन राज्यों के किसानों को इस किस्म का लाभ मिलेगा। किसानों को इस किस्म का बीज अगले साल तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा।
- उपरोक्त किस्मों से पहले वर्ष 2018 में विकसित की गई सरसों की किस्म आर.एच. 725 वर्तमान में किसानों के बीच सबसे अधिक प्रचलित व लोकप्रिय बन चुकी है, जोकि हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश में लगभग 20 से 25 प्रतिशत क्षेत्रों में अकेली उगाई जाने वाली किस्म है। यह किस्म औसत 10-12 क्विंटल प्रति एकड़ पैदावार देती है व इसकी उत्पादन क्षमता भी 14-15 क्विंटल प्रति एकड़ तक है।
- अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि इस किस्म को हकृवि के सरसों वैज्ञानिकों डॉ. राम अवतार, डॉ. नीरज, डॉ. मंजीत व डॉ. अशोक कुमार की टीम ने डॉ. राकेश पूनिया, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. महावीर एवं डॉ. राजबीर सिंह के सहयोग से तैयार किया है।
- उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इस टीम ने सरसों की दो किस्में आर.एच. 1424 व आर.एच. 1706 विकसित की हैं। ये किस्में भी सरसों की उत्पादकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी।
- सरसों अनुसंधान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये इस टीम को हाल ही में जम्मू में आयोजित कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवार्ड से भी नवाजा गया है।
- ज्ञातव्य है कि हकृवि के सरसों केंद्र की देश के सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केंद्रों में गिनती होती है।

## एशियन गेम्स में परमिंद्र ने रोइंग में जीता कांस्य पदक

### चर्चा में क्यों?

- 25 सितंबर, 2023 को चीन में आयोजित 19वें एशियन गेम्स-2023 में हरियाणा के यमुनानगर के गाँव शाहपुर के युवा खिलाड़ी परमिंद्र सिंह ने रोइंग के क्वाड्रल स्कल में कांस्य पदक हासिल किया।





### प्रमुख बिंदु

- परमिंद्र सिंह की टीम ने 2 किमी. की दूरी को पार करके कांस्य पदक हासिल किया है। रोइंग के डबल स्कल में परमिंद्र सिंह के साथ पंजाब के बठिंडा के सतनाम सिंह ने भाग लिया था।
- वहीं, क्वाड्रल स्कल में परमिंद्र सिंह के साथ पंजाब के मानसा के सतनाम सिंह, राजस्थान के भरतपुर के जाकिर खान, पंजाब के मानसा के सुखमीत सिंह ने फाइनल में 2 किमी. की दूरी को 6:08.61 समय में तय करके कांस्य पदक अपने नाम किया है।
- विदित है कि खिलाड़ी परमिंद्र सिंह पहले बॉस्केट बॉल के प्लेयर रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने करीब तीन साल इस खेल में प्रतिनिधित्व किया।
- उल्लेखनीय है कि परमिंद्र सिंह ने रोइंग की महारत अपने पिता व कोच अर्जुन अवॉर्डी इंद्रपाल सिंह से हासिल की है।
- ज्ञातव्य है कि परमिंद्र सिंह ने दो साल पहले एशिया चैंपियनशिप के सिंगल स्कल में सिल्वर मेडल, नेशनल प्रतियोगिता के डबल स्कल में गोल्ड मेडल हासिल किया है।
- इसके अलावा नेशनल चैंपियनशिप में सात गोल्ड मेडल, रोइंग अरगोमीटर में एशिया और राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल सहित अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किये हैं।

## एशियन गेम्स में मनु भाकर ने रैपिड पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

### चर्चा में क्यों ?

- 27 सितंबर, 2023 को चीन के हांगझोऊ में हो रहे 19वें एशियन गेम्स में हरियाणा के झज्जर ज़िले की मनु भाकर ने 25 मीटर रैपिड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता है।






### प्रमुख बिंदु

- 25 मीटर रैपिड पिस्टल इवेंट में चीन ने सिल्वर मेडल, जबकि कोरिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- टीम में मनु भाकर के साथ ईशा सिंह और रिदम सिंह सांगवान शामिल रहे। प्रीसीजन और रैपिड राउंड के बाद इन निशानेबाज़ों ने 1759 का स्कोर बनाया।
- मनु ने क्वालिफिकेशन राउंड में 590 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ईशा 586 के स्कोर के साथ पाँचवे स्थान पर रहीं। रिदम 583 के साथ सातवें स्थान पर रहीं। व्यक्तिगत फाइनल में मनु भाकर और ईशा सिंह प्रतिस्पर्धा करेंगी।
- विदित है कि मनु भाकर चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत होगा नेटवर्क, सात विवि. के साथ हुआ एमओयू

### चर्चा में क्यों ?

- 27 सितंबर, 2023 को इंडोनेशिया के बाटम शहर में ब्लैंडेड मोड में आयोजित 29वीं आईएमटी-जीटी बैठक के दौरान हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले में स्थित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) का सात प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता (एमओयू) हुआ।



### प्रमुख बिंदु

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इस समझौते में इंडोनेशिया के छह विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटास सियाह कुआला, यूनिवर्सिटास लैंपुंग, यूनिवर्सिटास मैरिटिम राजा अली हाजी, यूनिवर्सिटास सुमाटेरा उतरा, यूनिवर्सिटास जंबी, और यूनिवर्सिटास रियाउ शामिल हैं।
- इसके अतिरिक्त मलेशिया का एक विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा भी इस समझौता का हिस्सा बना है।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) इन सात प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक साझेदारी कर एक मज़बूत नेटवर्क स्थापित करेगा, जिससे छात्र और संकाय के सदस्य आदान-प्रदान कर सकेंगे।
- यह समझौता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडोनेशिया-मलेशिया-थाईलैंड ग्रोथ ट्राइएंगल यूनिवर्सिटी नेटवर्क (आईएमटी-जीटी यूनीनेट) के साथ एक महत्त्वपूर्ण अकादमिक भागीदारी स्थापित करेगा। आईएमटी यूनिनेट नेटवर्क में तीन देशों के 27 विश्वविद्यालय शामिल हैं।

नोट :

- इन एमओयू के माध्यम से, कुवि, आईएमटी-जीटी और देश के बीच सहयोग की परियोजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में तेजी लाने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है।
- इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये शैक्षणिक उत्कृष्टता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये एक नए युग की शुरुआत की गई है। इन एमओयू से नई राहें मिलेंगी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हमारे छात्रों के लिये उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण में सक्रिय रूप से शामिल होने के कई अवसर प्रदान करेंगी।
- इस समझौते के दौरान मलेशिया में देश के उच्चायुक्त बी.एन. रेड्डी, प्रो.टीएस, डॉ. हाजा रोजिया मोहम्मद, जनोर और इंडोनेशिया तथा मलेशिया के सात भागीदार विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भागीदारी की।

## अंबाला के सरबजोत ने एशियन गेम्स में जीता स्वर्ण पदक

### चर्चा में क्यों?

- 28 सितंबर, 2023 को चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स के 5वें दिन हरियाणा के अंबाला ज़िले के गाँव धीन के रहने वाले सरबजोत सिंह ने शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता।





### प्रमुख बिंदु

- एशियन गेम्स में सरबजोत सिंह व उसके दो अन्य साथियों अर्जुन चीमा और शिव नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर के साथ गोल्ड जीता।
- पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में वियतनाम के फाम क्वांग हुई ने स्वर्ण, रिपब्लिक ऑफ कोरिया के वोन्हो ली ने रजत और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने कांस्य पदक जीता।
- सरबजोत 199.0 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे, वहीं अर्जुन चीमा 113.3 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे।
- विदित है कि सरबजोत छावनी के फिनिक्स क्लब में अभिषेक राणा की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सरबजोत अभी तक करीब 21 मेडल हासिल कर चुका है।
- सरबजोत की उपलब्धियाँ:
- सरबजोत सिंह ने 20 वर्ष की आयु में ही निशानेबाज़ी में कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्होंने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग जूनियर चैंपियनशिप में जर्मनी, ताइपे के दोहा में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का परचम विदेशों में भी लहराया है।
- मई 2022 जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।
- भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाज़ी चैंपियनशिप में एकल 10 मीटर एयर पिस्टल और टीम स्पर्धा में गोल्ड हासिल किया।
- 10 मीटर एयर पिस्टल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करीब 20 मेडल हासिल किये हैं।

दृष्टि The Vision